केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड: दिल्ली

अखिल भारतीय प्री-मेडिकल/प्री- मेडिकल/प्री-डेंटल प्रवेश परीक्षा, 2015

15 प्रतिशत अखिल भारतीय कोटा के तहत सीटों के लिए और सहभागी राज्यों/विश्वविद्यालयों/संस्थानों के नियंत्रणाधीन सीटों के लिए शैक्षणिक सत्र 2015-2016 के लिए एमबीबीएस/बीडीएस कोर्सो में प्रवेश हेतु

प्रवेश सूचना

अखिल भारतीय कोटा के तहत 15 प्रतिशत सीटों के लिए और सहभागी राज्यों/ विश्वविद्यालयों/ संस्थानों के नियंत्रणाधीन सीटों के लिए शैक्षणिक सत्र 2015-2016 के लिए एमबीबीएस/बीडीएस कोर्सों में प्रवेश हेतु निम्नलिखित समय-सारणी के अनुसार केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली द्वारा आयोजित की जाने वाली अखिल भारतीय प्री-मेडिकल/ प्री-डेंटल प्रवेश परीक्षा, 2015 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते है :

परीक्षा की तारीख : 03 मई, 2015 (रविवार)

परीक्षा पद्धति

1. एआईपीएमटी प्रवेश परीक्षा के लिए एक पेपर होगा जिसमें भैतिकी, रसायन तथा जीव विज्ञान (वनस्पति एवं प्राणि विज्ञान) से 180 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न (एक सही उत्तर के साथ 4 विकल्प) होंगे।
2. पेपर की अवधि पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक 3 घंटे की होगी।

पात्रता सम्बन्धी मानदण्ड

1. भारतीय नागरिक और भारत के विदेशी नागरिक अखिल भारतीय प्री मेडिकल/ प्री डेंटल (एआईपीएमटी) प्रवेश परीक्षा में बैठने के पात्र हैं बशर्ते कि सूचना बुलेटिन में निर्धारित शर्तो को पूरा करते हों।
2. उसने प्रवेश के समय 17 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो अथवा वह प्रथम वर्ष एमबीबीएस/ बीडीएस कोर्स में उसके प्रवेश के वर्ष की 31 दिसम्बर को या उससे पूर्व आयु पूरी कर लेगा/लेगी।
3. **आंध्र प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर और तेलंगाना**, राज्यों को छोड़कर भारत संघ सरकार, राज्य सरकारों, भारत में म्युनिसिपल एवं अन्य स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा संचालित मेडिकल/डेंटल कालेजों में 15 प्रतिशत अखिल भारतीय कोटा के तहत प्रवेश पाने वाले उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा प्रवेश परीक्षा के वर्ष की 31 दिसम्बर को 25 वर्ष है। इसके अतिरिक्त, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को इस अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।
4. **आंध्रप्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर और तेलंगाना** राज्य से उम्मीदवार एएफएमसी, पुणे में प्रवेश के लिए एआईपीएमटी में शामिल होने के पात्र हैं।
5. सहभागी राज्यों/ विश्वविद्यालयों/ संस्थानों के नियंत्रणाधीन एमबीबीएस/ बीडीएस सीटों में प्रवेश प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आय सीमा संबंधित राज्यों विश्वविद्यालयों/ संस्थानों के नियमों के अनुसार होगी।
6. उम्मीदवार को भौतिकी, रसायन-शास्त्र, जीव विज्ञान एवं अंग्रेजी विषयों में अलग-अलग उत्तीर्ण होना आवश्यक है और अर्हक परीक्षा में भौतिकी, रसायन शास्त्र एवं जीव विज्ञान/जैव-प्रौद्योगिकी को मिलाकर कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए होने चाहिए। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित उम्मीदवारों के सम्बन्ध में भौतिकी, रसायन-शास्त्र एवं जीव विज्ञान/ जैव-प्रौद्योगिकी में कुल मिलाकर अर्हक परीक्षा में 40 प्रतिशत अंक प्राप्त होने चाहिये जबकि भौतिकी, रसायन-शास्त्र एवं जीव विज्ञान/ जैव-प्रौद्योगिकी में कुल मिलाकर अर्हक परीक्षा में 40 प्रतिशत अंक प्राप्त होने चाहिये जबकि सामान्य उम्मीदवारों के लिए 50 प्रतिशत का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, निचले अंगों की गतिक अपंगता/ निःशक्तता वाले सामान्य श्रेणी के शारीरिक रूप से विकलांग के लिये 45 प्रतिशत अंक एवं अनुसूचित जाति-शारीरिक रूप से विकलांग/ अनुसूचित जनजाति-शारीरिक रूप से विकलांग/ अन्य पिछड़ा वर्ग-शारीरिक रूप से विकलांग के लिये 40 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। जो विद्यार्थी, वर्ष 2014 में 10+2 की परीक्षा दे रहे हैं वे भी अंनतिम रूप से प्रवेश परीक्षा में बैठ सकते हैं बशर्ते कि वे बाद में शर्तो को पूरा कर लें।

सारणी

घटना क्रम		तिथि
विलंब शुल्क के बिना		
ऑनलाइन आवेदन फार्म प्रस्तुत करने की समय-सारणी		01/12/2014 से 31/12/2014
31.12.2014 को अथवा पहले पंजीकृत ऑनलाइन आवेदन के लिए लागू शुल्क के सफलतापूर्वक सम्पादन करने की अंतिम तिथि	क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड द्वारा	01/01/2015
	केवल ई-चालान द्वारा	02/01/2015
विलम्ब शुल्क के साथ		
ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की समय-सारणी		03/01/2015 से 31/01/2015
31.01.2015 करे अथवा पहले पंजीकृत ऑनलाइन **आवेदन के लिए** शुल्क को सफलतापूर्वक सम्पादन की अंतिम तिथि	क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड द्वारा	01/02/2015
	केवल ई-चालान द्वारा	02/02/2015
वेबसाइट पर प्रवेश पत्र पर अपलोड करने की तिथि		01/04/2015
एआईपीएमटी 2015 परीक्षा की तिथि		03/05/2015 (रविवार)
परिणाम की घोषणा		**05 जून 2015 तक**

शुल्क विवरण

	विलम्ब शुल्क के बिना	विलम्ब शुल्क सहित
सामान्य/ अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए	रू. 1200/-	रू. 2400/- (रू. 1200+ रू. 1200)
अ.जा/अ.ज.जा/शा.वि.	रू. 650/-	रू. 1850/- (रू. 650 + 1200)

शुल्क भुगतान की विधि:-

1. उम्मीदवार निम्नलिखित प्रकार से परीक्षा शुल्क का भुगतान कर सकते है :-
   i सिंडिकेट बैंक/ आईसीआईसीआई बैंक/ एचडीएफसी बैंक/ भारतीय स्टेट बैंक ऑनलाइन गेटवे भुगतान सुविधा का प्रयोग करते हुए किसी भी डेबिट/ क्रेडिट कार्ड के माध्यम से
   ii सिंडिकेट बैंक/आईसीआईसी बैंक/एचडीएफसी बैंक/भारतीय स्टेट बैंक की किसी शाखा में ई-चालान के माध्यम से शुल्क जमा करके। चालान एआईपीएमटी वेबसाइट www.aipmt.nic.in पर फार्म भरने के बाद उत्पन्न होगा।
   iii लागू सेवा कर का भुगतान उम्मीदवार द्वारा किया जाना है।
2. उम्मीदवार ई-चालान (उम्मीदवार की कॉपी) की कॉपी शुल्क के भुगतान के रिकार्ड/प्रमाण के रूप में अपने पास रख सकता है यदि भुगतान ई-चालान के माध्यम से किया हो और लेनदेन पर्ची यदि भुगतान के डेबिट/क्रेडिट के माध्यम से किया हो।
3. किसी अन्य रूप जैसे डिमांड ड्राफ्ट/ चैक/ नकद/ पो. ओ./ म.ओ. इत्यादि के रूप में शुल्क बोर्ड द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. उम्मीदवार द्वारा प्रेषित किए गए शुल्क वापसी के अनुरोध को बोर्ड द्वारा किन्हीं भी परिस्थितियों में स्वीकार नहीं किया, तथापि डेबिट/ क्रेडिट कार्ड के संबंध में दोहरे/ अधिक भुगतान का स्वत: वापसी का प्रावधान हैं।

आवेदन कैसे करें

1. उम्मीदवार **केवल ऑनलाइन** आवेदन कर सकते हैं।
2. ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट www.aipmt.nic.in जाकर किया जा सकता है। बिना विलम्ब शुल्क और विलम्ब शुल्क सहित आवेदन प्रस्तुत करने की समय- अवधि, **शुल्क विवरण/ अंतिम तिथि** सारणी में दी गई है। ऑनलाइन आवेदन करने, शुल्क के भुगतान करने संबंधी अनुदेश वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
3. ऑनलाइन आवेदन करने की सफलतापूर्वक प्रस्तुति के बाद उसे वापिस नहीं लिया जा सकता है।
4. **उम्मीदवार को पुष्ठिकरण पृष्ठ का प्रिंट आउट सीबीएसई को भेजने की आवश्यकता नही है।**

ऑनलाइन आवेदन करने के लिए की जाने वाली कार्रवाईः

कार्रवाई 1. सूचना बुलेटिन डाउनलोड करें तथा अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के लिए ध्यानपूर्वक पढ़ें।
कार्रवाई 2. ऑनलाइन आवेदन करने के लिए सूचना बुलेटिन में दिए गए निर्देशों को पढ़े तथा जेपीजी फार्मेट में फोटोग्राफ, हस्ताक्षर और बांये हाथ के अंगुठे की छाप और आंध्रप्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर और तेलंगाना से संबंधित उम्मीदवारों के स्व-घोषणा की स्कैन छवि सहित पूरी जानकारी तैयार रखें।
कार्रवाई 3. आवेदन फार्म ऑनलाइन भरें तथा फोटोग्राफ, हस्ताक्षर और बांये हाथ के अंगुठे की छाप और आंध्रप्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर और तेलंगाना से संबंधित उम्मीदवारों के स्व-घोषणा की स्कैन छवि अपलोड करें।
कार्रवाई 4. परीक्षा शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड अथवा ई-चालान द्वारा करें।
कार्रवाई 5. पुष्टि पृष्ठ डाउनलोड करें तथा भविष्य के संदर्भ तथा रिकार्ड के लिए उसे शुल्क भुगतान के प्रमाण के साथ अपने पास सुरक्षित रखें।

नोट:- ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करते समय, उम्मीदवार को केवल अपना अथवा माता-पिता का मोबाइल नं. (एक आवेदन के लिए केवल एक मोबाइल नं. और ई-मेल आई डी वैद्य है) का उल्लेख करना अपेक्षित है क्योंकि सीबीएसई द्वारा सभी सूचना/पत्राचार पंजीकृत मोबाइल नं. तथा ई-मेल आई डी पर भेजी जाएंगी।

भाग लेने वाले राज्य सरकारें/ विश्वविद्यालय/ संस्थान अपने नियंत्रणाधीन मेडिकल कॉलेजों/ डेन्टल कॉलेजों में प्रवेश के लिए मेरिट सूची का उपयोग करने के लिए अखिल भारतीय प्री-मैडिकल/ प्री-डेन्टल प्रवेश परीक्षा 2015 में स्वेच्छिक रूप से भाग ले रहे हैं। (15 प्रतिशत अखिल भारतीय कोटा के अलावा सीटों के लिए)

1. पं. बी.डी. शर्मा, स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक, **हरियाणा सरकार**
2. चिकित्सा शिक्षा निदेशालय, **हिमाचल प्रदेश सरकार**
3. चिकित्सा शिक्षा निदेशालय, **मध्य प्रदेश सरकार**
4. स्वास्थ्य सेवाएं निदेशालय, पोर्ट ब्लेयर, **अंडमान एवं निकोबार**
5. अरूणाचल प्रदेश सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, **ईटानगर, अरूणाचल प्रदेश**
6. चिकित्सा निदेशालय, **मणीपुर सरकार**
7. मेघालय सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, **मेघालय**
8. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, **ओडिशा सरकार**
9. चिकित्सा शिक्षा विभाग, **राजस्थान सरकार**
10. राजकीय चिकित्सा कॉलेज एवं अस्पताल **चण्डीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र सरकार**
11. चिकित्सा विज्ञान संकाय, **दिल्ली विश्वविद्यालय**
12. सशस्त्र बल चिकित्सा कॉलेज **(एएफएमसी),** पुणे
13. हमदर्द विश्वविद्यालय, **नई दिल्ली**
14. बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय वाराणासी (उ.प्र)

15 प्रतिशत अखिल भारतीय कोटा के अलावा उपर्युक्त राज्य/ विश्वविद्यालय/ संस्थान के नियंत्रणाधीन सीटों में प्रवेश चाहने वाले आईपीएमटी 2015 में सफल उम्मीदवारों को पात्रता मानदंड और काउंसलिंग के लिए अन्य विवरण तथा प्रवेश के लिए उनकी वेबसाइट देखने और संबंधित राज्य/ विश्वविद्यालय /संबंधित संस्थान के प्राधिकारियों से सम्पर्क करने की सलाह दी जाती है।

मेडिकल/डेंटल कॉलेजों में सीटों का आरक्षण एवं प्रवेश

1. अखिल भारतीय प्री मेडिकल/ प्री डेंटल परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों के आधार पर अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों की एक अखिल भारतीय मेरिट सूची तैयार की जाएगी और उम्मीदवारों को विद्यमान आरक्षण नीतियों का पालन करते हुए केवल कथित सूची से 15 प्रतिशत अखिल भारतीय कोटे के अधीन सीटों में प्रवेश दिया जाएगा।
2. सहभागी राज्यों/ विश्वविद्यालय/ संस्थानों के नियंत्रण के तहत सीटों में एमबीबीएस/ बीडीएस कोर्सो के लिए प्रवेश अखिल भारतीय प्री मेडिकल/ डेंटल प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों और उनके द्वारा निर्धारित मानदंडों के आधार पर होगा।
3. मेडिकल/ डेंटल कॉलेजों में प्रवेश के लिए सभी अन्य विद्यमान पात्रता मानदंड सहभागी संबंधित राज्य/ विश्वविद्यालय/ संस्थान के नियमों व नीतियों के अनुसार लागू होंगे।

महत्वपूर्ण

- एआईपीएमटी - 2015 की पूरी आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन है, जिसमें फोटोग्राफ व हस्ताक्षर अपलोड करना, शुल्क का भुगतान और **आंध्रप्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर और तेलंगाना** इत्यादि राज्यों से उम्मीदवारों के शपथ पत्र भी शामिल है। इस प्रकार, उम्मीदवारों को कोई भी दस्तावेज़ डाक द्वारा/ हाथों-हाथ एआईपीएमटी यूनिट को भेजने की आवश्यकता नही है।
- उम्मीदवार यदि आवश्यक हो, आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के लिए सुविधा केन्द्रों की कार्यसमय के दौरान निशुल्क सहायता प्राप्त कर सकते हैं। सुविधा केन्द्रों की सूची वेबसाइट www.aipmt.nic.in पर उपलब्ध सूचना बुलेटिन में उपलब्ध हैं।

पता एवं संपर्क का विवरण

सहायक सचिव (परीक्षा)
अखिल भारतीय प्री मेडिकल/प्री डेटल प्रवेश परीक्षा एकक
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
शिक्षा केन्द्र, 2, सामुदायिक केन्द्र,
प्रीत विहार,
दिल्ली - 110092
वेबसाइट www.aipmt.nic.in
ईमेल aipmt.cbse@nic.in
दूरभाश सं० 011-22509256-59, 22521081
फैक्स सं० 011-22509251

सूचना बुलेटिन

परीक्षा, पाठ्यक्रम, प्रवेश/ शामिल होने के पात्रता मानदंड, आरक्षण, परीक्षा शुल्क, परीक्षा के शहर, पात्रता का राज्य कोड, आयु, की विस्तृत जानकारी सूचना बुलेटिन में है जो वेबसाइट www.aipmt.nic.in पर उपलब्ध है।

परीक्षा नियंत्रक, सीबीएसई